1 वीर तुम बढ़े चलो

प्रस्तावना : बालकों में वीरता की भावना जागृत कर देश के लिए निछावर होने की प्रेरणा व उत्साह भरना।

वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!
हाथ में ध्वजा रहे बाल दल सजा रहे
ध्वज कभी झुके नहीं दल कभी रुके नहीं
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

सामने पहाड़ हो सिंह की दहाड़ हो
तुम निडर डरो नहीं तुम निडर डटो वहीं
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

प्रात हो कि रात हो संग हो न साथ हो
सूर्य से बढ़े चलो चन्द्र से बढ़े चलो
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

एक ध्वज लिए हुए एक प्रण किये हुए
मातृ भूमि के लिए पितृ भूमि के लिए
वीर तुम बढ़े चलो धीर तुम बढ़े चलो!

अन्न भूमि में भरा वारि भूमि में भरा
यत्न कर निकाल लो रत्न भर निकाल लो
वीर तुम बढ़े चलो! धीर तुम बढ़े चलो!

– द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

शब्दार्थ – **धीर**–शांत स्वभाव वाला/Composed, **प्रण**–प्रतिज्ञा/Vow, **वारि**–पानी/Water.

शिक्षा – हमें मार्ग में आने वाली बाधाओं से बिना डरे निरन्तर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

अभ्यास से सीखें

संकलित अभिव्यक्ति

1. व्याकरणिक शब्द–ज्ञान–

(क) तुक मिलाकर लिखिए।

वीर – धीर	ध्वजा –	पहाड़ – ....
डरो –	प्रात –	यत्न – ....

(ख) विलोम शब्द लिखिए–

बाल – वृद्ध	वीर –	प्रकाश – ....
जल –	रुकना –	रात – ....
आकाश –	क्रोध –	

मौखिक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) सच्चे देश भक्त में कौन से गुण होते हैं?

(ख) वीर क्या करते हैं?

(ग) तुम अपने देश के लिए क्या करोगे?

लिखित

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) कवि और कविता का नाम लिखो।

(ख) कवि ध्वज लेकर किसे आगे बढ़ने को कह रहे हैं?

(ग) वीर क्या–क्या कर सकते हैं?

(घ) 'पहाड़' और 'सिंह' का प्रयोग क्यों किया गया है?

(ङ) प्रस्तुत कविता क्या संदेश देती है?

वैकल्पिक

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर कविता पूरी करिए–

(*i*) एक .... लिए हुए एक .... किये हुए .... भूमि के लिए पितृ .... के लिए .... तुम बढ़े चलो .... तुम बढ़े चलो।

(*ii*) .... भूमि में भरा .... में भरा .... कर निकाल लो .... भर .... लो।

5. खण्ड 'क' को खण्ड 'ख' से मिलाइए–

खण्ड 'क'	खण्ड 'ख'
1. सामने पहाड़ हो	(क) बाल दल सजा रहे
2. प्रात हो कि रात हो	(ख) चन्द्र से बढ़े चलो
3. हाथ में ध्वजा रहे	(ग) सिंह की दहाड़ हो
4. सूर्य से बढ़े चलो	(घ) धीर तुम बढ़े चलो
5. वीर तुम बढ़े चलो	(ङ) संग हो न साथ हो

6. नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करिए–

ध्वज   निडर   संग   मातृभूमि   अन्न

रचनात्मक अभिव्यक्ति

1. देश भक्त वीर भगत सिंह के विषय में अपने शब्दों में पाँच वाक्य लिखिए–
2. कविता कंठस्थ करके कक्षा में सुनाइए।

शिक्षण संकेत – बच्चों को वीर देशभक्तों की कहानियाँ सुनाएँ तथा कविता को कक्षा के साफ्ट बोर्ड पर लगवाएँ।